Roll No. ....

D–3390

M. A. (Final) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper Ninth

(भारतीय साहित्य)

Time : Three Hours] [*Maximum Marks : 100*

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। किसी **एक** प्रश्न के खण्ड यथासंभव एक ही स्थान पर हल कीजिए।

1. भारतीय साहित्य के स्वरूप एवं अवधारणाओं की विवेचना कीजिए। 15

अथवा

हिन्दी साहित्य में भारतीय मूल्यों की अभिव्यक्ति पर प्रकाश डालिए।

2. मराठी काव्य साहित्य पर प्रकाश डालिए। 15

अथवा

मलयालम साहित्य के आधुनिक युग की विवेचना कीजिए।

अथवा

बंगला उपन्यास साहित्य की विकास-यात्रा की विवेचना कीजिए।

3. स्वतंत्रतापूर्व हिन्दी और बंगला के प्रमुख कवियों की तुलना कीजिए। 15

अथवा

हिन्दी और मलयालम कविता का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

अथवा

हिन्दी और मराठी कहानियों का तुलनात्मक विवेचन कीजिए।

4. (क) 'अग्निगर्भ' उपन्यास के उद्देश्य पर प्रकाश डालिए। 5

अथवा

'अग्निगर्भ' उपन्यास के केन्द्रीय भाव का वर्णन कीजिए।

(ख) "हयवदन' नाटक में लोकनाट्य परम्परा आख्यान और शिल्प विधान का नया प्रयोग है।" इस कथन की विवेचना कीजिए। 5

अथवा

'हयवदन' नाटक में चित्रित समस्या को स्पष्ट कीजिए।

(ग) 'कोच्चि के दरख्त' काव्य में निहित भावपक्ष एवं कलापक्ष की विशेषताएँ लिखिए। 5

अथवा

'कोच्चि के दरख्त' काव्यसंग्रह की कविताओं के मूल भाव की विवेचना कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (लगभग 500 शब्दों में) दीजिए : प्रत्येक 4

(i) हिन्दी साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन।

(ii) 'कोच्चि के दरख्त' के आधार पर केरल की संस्कृति।

(iii) गिरीश कर्नाड के नाटकों की विशेषताएँ।

(iv) भारतीय साहित्य के अध्ययन की **एक** प्रमुख समस्या।

(v) 'अग्निगर्भ' उपन्यास का वैचारिक धरातल।

(vi) 'हयवदन' की नायिका पात्र का परिचय।

(vii) बंगला साहित्य के इतिहास का काल-विभाजन।

(viii) मराठी नाट्य साहित्य।

6. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए : प्रत्येक 1

(i) बंगला के प्रथम उपन्यासकार का नाम लिखिए।

(ii) केरल का पाणिनि किसे कहा जाता है ?

(iii) 'लावणी' किस भाषा का लोकनृत्य है ?

(iv) 'कोच्चि के दरख्त' के हिन्दी अनुवादक का नाम लिखिए।

(v) 'गीतांजलि' किसकी रचना है ?

(vi) 'रामचरितमानस' किस भाषा में लिखी गयी है ?

(vii) 'मलयालम' शब्द का अर्थ लिखिए।

(viii) 'चर्यापद' किस भाषा की रचना है ?

(ix) 'चरसा नदी' का उल्लेख किस उपन्यास में किया गया है ?

(x) 'राम की शक्तिपूजा' किसकी रचना है ?

(xi) आलवरों की संख्या कितनी है ?

(xii) 'कम्ब रामायण' के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xiii) 'कृतिवास रामायण' किस भाषा की रचना है ?

(xiv) 'जन गण मन अधिनायक जय हे' गीत के रचनाकार का नाम लिखिए।

(xv) 'तुकाराम' किस भाषा के संत कवि हैं ?

(xvi) चैतन्य महाप्रभु कहाँ के निवासी थे ?

(xvii) 'होरी' किस उपन्यास का पात्र है ?

(xviii) 'भारतीय साहित्य की भूमिका' के लेखक का नाम लिखिए।

(xix) 'अमृता प्रीतम' मूल रूप से किस भाषा की लेखिका हैं ?

(xx) 'हयवदन' पर किस लोकनाट्य का प्रभाव है ?